**Regarding utilization of portion of land acquired for establishment of Bokaro Steel Plant, Jharkhand-Laid**

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** मैं मा. इस्पात मंत्री जी का ध्यान बिहार सरकार द्वारा 1950-60 के दशक में बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए 31,287 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । यह अधिग्रहण 10 मिलियन टन क्षमता वाले संयंत्र के लिए किया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल 4 मिलियन टन क्षमता का संयंत्र स्थापित किया गया है, और बाकी भूमि अनुपयोगी पड़ी हुई है । इस संदर्भ में, मेरा विनम्र निवेदन है कि कृपया यह स्पष्ट किया जाए कि शेष भूमि का उपयोग 6 मिलियन टन क्षमता के संयंत्र के लिए किया जाएगा या इसे रैयतों को वापस किया जाएगा । भूमि मालिकों के हित में यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि कितनी भूमि संयंत्र के लिए उपयोग की गई है, कितनी भूमि परती पड़ी है, और क्या इसे किसी अन्य परियोजना के लिए उपयोग किया जाएगा या रैयतों को वापस किया जाएगा । इस विषय पर कृपया शीघ्र और उचित निर्णय लिया जाए, ताकि प्रभावितों को न्याय मिल सके ।